


# हर घर तिरंगा आयोजन प्रतिवेदन 2022




**डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्यप्रदेश)**

**(केंद्रीय विश्वविद्यालय)**





आज़ादी का अमृत महोत्सव
डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
हर घर तिरंगा
स्वाधीनता सप्ताह 11 से 17 अगस्त 2022
कार्यक्रम विवरण
7 अगस्त रविवार प्रातः 11 बजे से
जन जागरूकता रैली NCC/NSS/ वि.वि. छात्र-छात्राओं द्वारा
स्थान : गौर भवन से सिविल लाइन्स – कलेक्ट्रेट गेट–गौर भवन
8, 9, 10 अगस्त दोपहर 3 से 5 बजे
राष्ट्रीय ध्वज वितरण (क्रय मूल्य पर)
स्थान : गौर प्रांगण मंच
11 अगस्त गुरुवार दोपहर 3 बजे से
राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित फिल्म/जानकारी
ऑनलाइन : ई.एम.आर.सी. द्वारा
12 अगस्त शुक्रवार दोपहर 3 बजे से
पोस्टर निर्माण - स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
स्थान : शिक्षा विभाग
13 अगस्त शनिवार दोपहर 3 बजे से
एकल गायन - देश भक्ति
स्थान : संगीत विभाग
14 अगस्त रविवार प्रातः 11 बजे से
भाषण - राष्ट्रीय ध्वज संहिता का महत्व
स्थान : गौर प्रांगण
15 अगस्त सोमवार प्रातः 9:30 बजे से
स्वतंत्रता दिवस समारोह
स्थान : गौर प्रांगण
16 अगस्त मंगलवार दोपहर 3 बजे से
निबंध लेखन - स्वाधीनता सप्ताह
स्थान : शिक्षा विभाग
17 अगस्त बुधवार दोपहर 3 बजे से
देश भक्ति गीत/समापन समारोह
स्थान : स्वर्ण जयन्ती सभागार

सागर. 31 जुलाई 2022

# हर घर तिरंगा जागरूकता अभियान

## विश्वविद्यालय: एन.एस.एस. ने किया हर-घर तिरंगा अभियान के तहत गाँव में जन -जागरूकता अभियान

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय द्वारा आज़ादी के अमृतमहोत्सव के क्रम में राष्ट्रीय अभियान हर-घर तिरंगा के संदर्भ में कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिए गये गाँव







पथरिया जाट एवं सिरोंजा में स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई. इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज के संदर्भ में ग्रामीणों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए प्रेरित करने और जनसामान्य में देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से भारत सरकार की ओर से 11 से 17 अगस्त 2022 तक चलाये जाने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान के विषय में जानकारी दी गई. गौरतलब है कि विश्वविद्यालय के द्वारा पथरिया जाट एवं सिरोंजा गाँव में जन-जागरुकता तथा ध्वज वितरण का निर्णय लिया गया है.




इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम के प्रमुख केन्द्रों जैसे पाठशाला, पंचायत भवन, प्रमुख मार्गों, इमारतों, भवनों आदि की दीवारों पर हर घर तिरंगा अभियान से सम्बन्धित नारा लेखन कार्य किया गया. ग्राम में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. संजय शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वंदना विनायक, डॉ. सुनीत वालिया, डॉ. आशुतोष तथा विश्वविद्यालय के मीडिया अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे.

सागर, 7 अगस्त 2022

# हर घर तिरंगा रैली

***विश्वविद्यालय: 'हर घर तिरंगा' की अभूतपूर्व रैली निकली***

डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के एनसीसी , एनएसएस, विद्यार्थियों एवं शिक्षको द्वारा 'हर घर तिरंगा ' अभियान की अभूतपूर्व रैली का आयोजन किया गया। यह रैली 07 अगस्त को 11बजे निकाली गई जो 'गौर भवन' के मुख्य द्वार से आरंभ हुई। विवि की कुलपति प्रो.नीलिमा गुप्ता ने एनसीसी और एनएसएस ग्रुप लीडर्स को तिरंगा ध्वज प्रदान कर रैली का शुभारंभ किया। रैली सिविल लाइन होते हुए कलेक्ट्रेट भवन मार्ग से होते हुए पुनः गौर भवन आकर समाप्त हुई। रैली का जगह-जगह स्कूली विद्यार्थियों, शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं जनसमुदाय द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। राष्ट्रगान के साथ रैली का समापन हुआ। इस यात्रा में विश्वविद्यालय के एन एस एस एवं एन सी सी छात्र समस्त शिक्षकगण , अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं शोधार्थी व समस्त विद्यार्थी की सहभागिता रही।








डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
हर घर तिरंगा
स्वाधीनता सप्ताह 11 से 17 अगस्त 2022


हर घर तिरंगा
Samsung Triple Camera
madhavchandra.com




गौर भवन
GOUR BHAWAN


हर घर तिरंगा
NATIONAL SERVICE SCHEME (NSS)

सागर. 8 से 10 अगस्त 2022

# तिरंगा ध्वज वितरण अभियान

## विश्वविद्यालय: कुलपति ने तिरंगा ध्वज क्रय कर फहराने का किया आवाह्न

सागर। डॉ हरीसिंह गौर विवि सागर की कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता ने विवि के गौर प्रांगण में तिरंगा ध्वज विक्रय केंद्र से तिरंगा



खरीदा। उन्होंने कहा कि सभी को तिरंगा ध्वज क्रय कर अपने-अपने घरों पर फहराएं। उन्होंने कहा कि देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आइए हम देश की उन्नति के लिए , देश की आज़ादी की गाथा को स्मरण करने के लिए तिरंगा ध्वज फहराकर इस महाउत्सव में शामिल हों। हर घर तिरंगा अभियान के तहत विवि में एनएसएस के सहयोग से आगामी 3 दिनों तक




तिरंगा ध्वज विक्रय किया जा रहा है। विवि के शिक्षकों , कर्मचारियों और छात्रों ने काफी संख्या में ध्वज खरीदे। एनएसएस समन्वयक ने बताया कि आगामी 3 दिनों में अपराह्न 3 से 5 बजे तक ध्वज क्रय किया जा सकता है। इस अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ ललित मोहन, एनएसएस के समन्वयक डॉ संजय शर्मा , कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनीत वालिया , डॉ वंदना विनायक , डॉ अलीम अहमद खान , डॉ आशुतोष, डॉ राकेश सोनी सहित काफी संख्या में शिक्षक, छात्र और कर्मचारी उपस्थित रहे।


सागर 11 अगस्त 2022

# लघु फिल्म रिलीज

## विश्वविद्यालय: 'हर घर तिरंगा' लघु फ़िल्म रिलीज



डॉ हरीसिंह गौर विवि सागर के ईएमएमआरसी के सहयोग से आजादी का अमृत महोत्सव के तहत लघु फ़िल्म 'हर घर तिरंगा ' रिलीज की गई। समन्वयक डॉ ललित मोहन ने फ़िल्म में बारे में जानकारी दी। कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता ने बटन दबाकर फ़िल्म सार्वजनिक प्रसारण के लिए रिलीज किया। इस अवसर पर सागर नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रशेखर शुक्ला , विवि के कुलसचिव संतोष सोहगौरा , प्रो ए पी त्रिपाठी , ईएमएमआरसी के निदेशक डॉ पंकज तिवारी , डॉ अमर जैन , विवि यंत्री राहुल गोस्वामी उपस्थित रहे। डॉ ललित मोहन ने बताया कि यह फ़िल्म विश्वविद्यालय , ईएमआरसी सागर, विवि के सोशल मीडिया पर दिए गए यूट्यूब चैनल पर लिंक के माध्यम से देखी जा सकती है।






## विश्वविद्यालय में 'हर घर तिरंगा' के पांच सेल्फी पॉइंट बनाये गए

विश्वविद्यालय परिसर में 'हर घर तिरंगा' के पांच सेल्फी पॉइंट बनाये गए हैं जहां पर विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी एवं आम नागरिक तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी ले सकते हैं।

Link- https://www.youtube.com/watch?v=z1UF4LBkXGY

सागर 12 अगस्त 2022

# रंगोली प्रतियोगिता

## विवि: 'हर घर तिरंगा' के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई





शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली तथा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के परिपालन में स्वधीनता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के शिक्षाशास्त्र विभाग में दिनांक 12 अगस्त दिन शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगता का आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विषय पर किया गया। कई विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित थीम पर रंगोली बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन विधा प्रभारी डॉ चंद्रकांता जैन , विभागाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र विभाग, डॉ. सुप्रभा दास , ललित कला एवं प्रदर्शनकला विभाग एवं डॉ. आफरीन खान , राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के छात्र छात्राओं ने भागीदारी की। कार्यक्रम में डॉ. धर्मेन्द सर्राफ , डॉ. बुद्ध सिंह डॉ. अभिषेक प्रजापति , डॉ. शकीला खान, डॉ अनूपी समैया, डॉ रमाकान्त श्रीमती कंचन चौरसिया, डॉ. शैलेश चौबे उपस्थित रहे।








सागर 13 अगस्त 2022

# आजादी से अन्त्योदय तक कार्यक्रम

## आजादी से अन्त्योदय तक कार्यक्रम का शुभारम्भ   डॉ. गौर एवं पं . रविशंकर शुक्ल की समाधि पर  कुलपति ने दी पुष्पांजलि

शिक्षा मंत्रालय,भारत  सरकार, नई दिल्ली तथा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के परिपालन में स्वाधीनता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म०प्र०) के  गौर प्रांगण में दिनांक 13/08/2022, दिन शनिवार को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे के बीच आज़ादी से अन्त्योदय तक अभियान और पोस्टर   प्रतियोगता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत *आज़ादी से अन्त्योदय तक अभियान* के अंतर्गत डॉ. हरीसिंह  गौर एवं पंडित रविशंकर शुक्ल की समाधि पर पुष्पांजलि के साथ हुई जिसमें माननीय कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता जी, 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ललित मोहन जी और विश्वविद्यालय के प्रमुख शिक्षकगण, अधिकारीगण, शोधार्थी तथा विद्यार्थीगण मौजूद थे।







## 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एकल गायन प्रतियोगिता संपन्न

आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के परिपालन में स्वाधीनता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म०प्र०) के संगीत विभाग में एकल गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विवि के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति भी दी. कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. राहुल स्वर्णकार, डॉ अवधेश तोमर, डॉ स्मृति त्रिपाठी रहे.





सागर 13 अगस्त 2022

# पोस्टर प्रतियोगिता

## गौर समाधि प्रांगण में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



इसी कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिसमें उन्होंने थीम के अनुरूप पोस्टर बनाकर अपनी कला का सुंदर नमूना प्रस्तुत किया।

पोस्टर प्रतियोगता का विषय 'स्वतंत्रता संग्राम सेनानी: पंडित रविशंकर शुक्ल' था। पंडित रविशंकर शुक्ल एक वरिष्ठ कांग्रेसी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सेंटर प्रोविन्स और बेरार के



प्रथम मुख्यमंत्री और 1 नवम्बर 1956 को अस्तित्व में आये नये राज्य मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे । उनका जन्म स्थल सागर जिला था। प्रतियोगिता कार्यक्रम का संचालन विधा प्रभारी डॉ. चंद्रकांता जैन, विभागाध्यक्ष, शिक्षा शास्त्र विभाग, डॉ. सुप्रभा दास, ललित कला एवं प्रदर्शन कला विभाग एवं डॉ. आफरीन खान, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग के द्वारा किया गया।










सागर 13 अगस्त 2022

# विभाजन विभीषिका चित्र प्रदर्शनी

## विश्वविद्यालय: विभाजन विभीषिका चित्र प्रदर्शनी का कुलपति ने किया उद्घाटन

**14 से 17 अगस्त तक विद्यार्थी, स्कूली बच्चे और आम नागरिक कर सकेंगे अवलोकन**

सागर. डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के स्वर्ण जयन्ती सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में विभाजन विभीषिका चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है. इसका उदघाटन करते हुए कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि देश के विभाजन की विभीषिका को इतिहास से विस्मृत नहीं किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक घटनाओ की  निष्पक्ष व्याख्या के लिए इस तरह के साक्ष्य आधारित कार्यक्रम महत्त्वपूर्ण होते हैं. इस तरह की प्रदर्शनी से जन-समुदाय में इतिहास की वैज्ञानिक समझ विकसित होती है. इस अवसर पर प्रो डी के गुप्ता, प्रो ए डी शर्मा, डॉ राकेश सोनी, प्रो पुणताम्बेकर, कुलसचिव श्री संतोष सौहगोरा उपस्थित रहे.






प्रदर्शनी के समन्वयक प्रो नागेश दुबे एवं डॉ संजय शर्मा ने  बताया कि प्रदर्शनी दिनांक 14 से 17 अगस्त तक सभी नागरिकों के लिए खुली रहेगी जहाँ वे भारत विभाजन की विभीषिका के दृश्यों का अवलोकन कर सकते हैं.





सागर 14 अगस्त 2022

## भाषण प्रतियोगिता

### हर घर तिरंगा के तहत भाषण प्रतियोगिता आयोजित

डॉ हरीसिंह गौर विवि के स्वाधीनता सप्ताह के आयोजन में **राष्ट्रीय झण्डा संहिता का महत्त्व विषय पर भाषण** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विवि के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और विषय के विभिन्न पक्षों पर भाषण की प्रस्तुति दी। यह आयोजन विवि की एनसीसी इकाई के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ गौतम प्रसाद , डॉ उषा राणा एवं डॉ धर्मेंद्र सर्राफ रहे।





## अन आर्म्ड स्किल का प्रदर्शन

### भारतीय सेना के जवानों ने किया अन आर्म्ड स्किल का प्रदर्शन

सागर। डॉ हरीसिंह गौर विवि के गौर प्रांगण में भारतीय सेना के जवानों ने अन आर्म्ड स्किल का प्रदर्शन किया। उन्होंने दुश्मनों से निपटने के लिए ऐसे कई तकनीकों और कौशल को दिखाया जिसे भारतीय सेना के जवान प्रयोग करते हैं। अति उत्साह और जोशपूर्ण करतब को देखकर दर्शकों ने जवानों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर हर घर तिरंगा के समन्वयक डॉ ललित मोहन , कुलसचिव संतोष सोहगौरा , एनसीसी के विवि कोऑर्डिनेटर डॉ गौतम प्रसाद , डॉ उषा राणा, डॉ. धर्मेंद्र सर्राफ, एनएसएस

के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनीत वालिया , डॉ वंदना विनायक एनएससी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवक मौजूद रहे।





**विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को स्मरण करते हुए गौर प्रांगण में 14 अगस्त को सायं 5 बजे विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, एन सी सी, एन एस एस एवं सेना के जवानों व कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन रखते हुए पीड़ित परिवारों को श्रद्धांजलि दी गई.**

सागर 14 अगस्त 2022

# स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सांसद, कुलपति, विधायक एवं महापौर ने दी डॉ गौर एवं पं रविशंकर शुक्ल की समाधि पर श्रद्धांजलि

विवि के स्वर्ण जयंती सभागार में सागर जिला प्रशासन एवं विवि के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या के पूर्व सागर सांसद राजबहादुर सिंह , कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता , विधायक शैलेन्द्र जैन , सागर महापौर संगीता तिवारी , जिला कलेक्टर दीपक आर्य एवं शहर के समाज सेवियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने डॉ हरीसिंह गौर एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं रविशंकर शुक्ल की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव संतोष सोहगौरा , सुरक्षा अधिकारी डॉ हिमांशु कुमार एवं विवि प्रशाशन के कई अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



## वात्सल्य स्कूल के विद्यार्थियों ने दी बैंड की प्रस्तुति

सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत में अतिथियों द्वारा डॉ हरीसिंह गौर एवं देवी सरस्वती पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात सागर के वात्सल्य स्कूल के विद्यार्थियों की बैंड प्रस्तुति के साथ हुई।



## देशभक्ति गीतों, आर्केस्ट्रा और नृत्य ने समां बांधा

स्वागत गीत की प्रस्तुति युवा कलाकारों ने दी। दिल दिया है जान भी देंगे, ऐ वतन तेरे लिए .....मां तुझे सलाम.....अब के बरस तुझे धरती की रानी कर देंगे.......संदेशे आते हैं , हमे तड़पाते हैं..... मैं रहूं , या न रहूँ, भारत ये रहना चाहिए...........देश भक्ति गीत की प्रस्तुति देकर कलाकारों ने श्रोताओं को जोश से भर दिया। साक्षी पटेरिया अपूर्वा भदौरिया एवं अन्य साथी कलाकारों ने एकल गायन की प्रस्तुति दी। आस्था बानो , खुशी, नैंसी और साथी कलाकारों के समूह लोक नृत्य नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। यश गोपाल , पार्थ घोष एवं साथी कलाकारों ने 'भारत हमारा एक है' कव्वाली की शानदार प्रस्तुति दी।सागर नगर निगम एवं जिला प्रशासन की तरफ से आमंत्रित कलाकारों ने कई सुरमयी प्रस्तुतियां दीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शकों की उपस्थिति बनी रही। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थी , शहर के विभिन्न संस्थाओं एवं विवि के अधिकारी , कर्मचारी, विद्यार्थी, प्रबुद्ध नागरिकगण एवं विभिन्न मीडिया समूहों के सम्माननीय पत्रकार गण मौजूद रहे।







## अखंड भारत का महत्त्व समझना होगा – राजबहादुर सिंह



भारत का विभाजन पश्चिमी सभ्यता के द्वारा किया गया एक अमानवीय और हिंसक षड्यंत्र था. जिससे भारत की पूरी एक सदी आहत रही है. विभाजन की विभीषिका के संदर्भ में ऐतिहासिक दस्तावेजों और साक्ष्यों पर आधारित एक छायाचित्र प्रदर्शनी डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में 14-17 अगस्त तक जन सामान्य के लिए लगाई गई है. विभाजन के समय अपना सब कुछ लाहौर में छोड़कर आये सरदार सुरेन्द्र सिंह ने आंसुओं के साथ यह बताया कि इस प्रदर्शनी ने आज उस इतिहास की यादों और भूलों को एक बार मेरे सामने ला दिया. प्रदर्शनी का अवलोकन सागर के सांसद श्री राजबहादुर सिंह, सागर शहर के विधायक श्री शैलेन्द्र जैन , सागर की नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, सागर संभाग के कमिश्नर श्री चन्द्र शेखर शुक्ल , जिला कलेक्टर श्री दीपक आर्य सहित कई राजनैतिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया. अवलोकन के दौरान सांसद श्री राजबहादुर जी ने चर्चा में बताया कि अब हमें आज़ादी के अमृतमहोत्सव काल में अखंड भारत के महत्त्व को समझना होगा.






इस प्रदर्शनी के समन्वयक प्रो. नागेश दुबे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि विद्यार्थीयों के लिए इस तरह के आयोजन उन्हें इतिहास को करीब से समझने में सहायता करते है. डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विद्यार्थियों के द्वारा इन सभी अतिथियों का स्वागत किया गया. इस छायाचित्र प्रदर्शनी के पहले दिन बड़ी संख्या में विद्यार्थियों , शिक्षकों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने अवलोकन किया.

सागर 15 अगस्त 2022

# स्वतंत्रता दिवस समारोह

## देश-भक्ति और देश-सेवा को बनाएं जीवन का अथक छंद - कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता



सागर. डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय , सागर के गौर प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया. कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने ध्वजारोहण किया और सभी को भारतवर्ष के राष्ट्रीय पावन पर्व स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं. समारोह में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हम सभी इस महान लोकतांत्रिक देश भारत के नागरिक हैं जिसकी आजादी के लिए हजारों-लाखों अमर शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। इसलिए आज अपनी स्वतंत्रता पर गर्व करने के साथ-साथ भारत माता के अमर सपूतों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी दिन है। आज का दिन संकल्प का दिन है , स्वाभिमान का दिन है , गर्व का दिन है साथ ही यह त्याग और बलिदान का भी दिन है। हमारे पुरखों ने , अमर बलिदानियों ने हजार-हजार दुःख सहे किन्तु हमे आजादी की यह विलक्षण सौगात दे गये। इस स्वतंत्रता के प्रति हमारी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। स्वतंत्रता का यह सम्मान हमें निरंतर प्रगति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। यह आजादी हमारे व्यक्तित्व का विकास करती है और राष्ट्र की प्रगति के लिये , उसके सर्वांगीण विकास के लिये अवसर भी प्रदान



करती है।



उन्होंने कहा कि देश-भक्ति और देश-सेवा हमारे जीवन का अथक छंद होना चाहिए। हम सभी एक श्रेष्ठ अकादमिक संस्थान से सम्बन्धित हैं। इसीलिए हमारा कर्तव्य होना चाहिए कि हम अपनी आजादी को ज्ञान-विज्ञान के नये सन्दर्भों से जोड़ें। ज्ञान से प्रत्येक प्रकार की बेड़ियों को काटा जा सकता है। हमारा यह परम ध्येय होना चाहिए कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को एक ऐसा समृद्ध और विकसित भारत दें , जो अपने स्वदेशी तकनीक से सम्पन्न और आत्मनिर्भर हो। न केवल तकनीक में बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी आत्मनिर्भर हो , ऐसे प्रयास होने चाहिये।

उन्होंने कहा कि डॉ. हरीसिंह गौर द्वारा विश्वविद्यालय के रूप में लगाया गया नन्हा पौधा आज निरन्तर पल्लवित और पुष्पित हो रहा है। हमारा कर्तव्य है कि इस



संस्थान को श्रद्धेय डॉ. हरीसिंह गौर के स्वप्न के अनुरूप विकसित करते रहें। हमारे विश्वविद्यालय के विद्यार्थीगण देश के विकास में योगदान दें , शिक्षा के सोपानों को साकार करें , वैश्विक अकादमिक जगत की चुनौतियों का समाना कर सकें , निरंतर प्रगति करते हुये एक श्रेष्ठ देशभक्त , सक्षम नागरिक और संवेदनशील मनुष्य बनें - ऐसा हमारा प्रयास होना चाहिये। उन्होंने ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे अवाचारी प्रयासों को भी रेखांकित किया. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने विश्वविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक , सह शैक्षणिक गतिविधियों और ढांचागत संरचना को विकसित करने की दिशा में हासिल उपलब्धियों की भी चर्चा की.



विवि के एनसीसी कैडेट्स ने सलामी दी एवं विवि के एन एस एस इकाई के विद्यार्थियों ने तिरंगे के रंगों का कैप लगाकर तिरंगा ध्वज बनाया.

समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव संतोष सोहगौरा , प्रो. आर. के. त्रिवेदी , प्रो. नवीन कानगो , प्रो. आशीष वर्मा , प्रो. दिवाकर राजपूत , प्रो. ए पी मिश्रा , प्रो. चंदा बना, प्रो. जे डी आही , प्रो नागेश दुबे , प्रो. रत्नेश दास , प्रो. उमेश पाटिल , उपकुलसचिव सतीश कुमार सहित कई शिक्षक , अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.



सागर 13 से 15  अगस्त 2022

13 से 15  अगस्त 20 22  विश्वविद्यालय के मुख्य भवनों पर तिरंगी प्रकाश सज्जा की गई.



## निबंध लेखन प्रतियोगिता

16 अगस्त 20 22

निबंध लेखन प्रतियोगिता शिक्षा शास्त्र भवन में  **स्वाधीनता का अर्थ- आजादी के 75 वर्ष**  विषय पर संचालित की गई जिसमे विभिन्न छात्रों ने सहभागिता कर अपने लेखन प्रतिभा का परिचय दिया. जिसका संचालन विधा प्रभारी हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेंद्र यादव द्वारा किया गया.





सागर 17 अगस्त 2022

# स्वाधीनता सप्ताह समापन समारोह

## आजादी का महोत्सव का समापन नही आरम्भ है- कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता

आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वाधीनता सप्ताह का समापन कल संगीत विभाग के द्वारा देश भक्ति के गीतों के समूह गान एवं वर्ष भर के विभिन्न आयोजनों के विजेताओं को पुरस्कार वितरण से स्वर्ण जयंती सभागार में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता जी ने पूरे कार्यक्रम की सफलता का श्रेय इसमें साल भर से लगे विद्यार्थियों की दिया। संगीत, योग, ललित कला एवं अन्य विभागों के प्रतिभागियों का प्रोत्साहन करते हुए प्रो गुप्ता ने इस स्वाधीनता पर्व को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया।






समापन सत्र का प्रारम्भ माँ सरस्वती जी की वंदना से किया गया तत्पश्चात पुष्प गुच्छ के द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया तत्पश्चात संगीत विभाग स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा समूह गीत प्रस्तुत किया गया प्रस्तुतियों के क्रम में स्नातक द्वितीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर गायन के विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित समूह गीतों कि प्रस्तुति दी।

"भारत हमारा एक है" एम ए गायन एवं तबले के विद्यार्थियों की कव्वाली की प्रस्तुति ने समा बांध दिया। तत्पश्चात योग के विद्यार्थियों ने वन्दे मातरम सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वाधीनता सप्ताह के नोडल अधिकारी डॉ ललित मोहन ने साल भर के कार्यक्रमों का सिलसिले वार ढंग से प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।






कार्यक्रम में सभी के सहयोग का आभार डॉ राहुल स्वर्णकार ने माना। और कार्यक्रम का संचालन एवम समन्वय डॉ अवधेश प्रताप सिंह तोमर ने किया और कुलपति जी के आह्वान पर इस कार्यक्रम के बाद भी देश प्रेम से जुड़े आयोजन जारी रखने की प्रतिज्ञा भी ली। स्वाधीनता सप्ताह के अंतर्गत विश्वविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता ,निबंध, गीत,भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित




की गई थी। इन प्रतियोगिताओ में विजेता प्रतिभागियों को कुलपति महोदया के द्वारा सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण में डॉ शैलेश चौबे, श्री शैलेंद्र राजपूत, श्री अरुण रैकवार, श्री सुरेंद्र ने सहयोग किया।






कार्यक्रम में संगीत की प्रस्तुतियां डॉ ललित मोहन के मार्गदर्शन में डॉ अवधेश तोमर के निर्देशन में डॉ स्मृति त्रिपाठी ,श्री यश गोपाल श्रीवास्तव, श्री आकाश जैन के समन्वय एवं सहयोग से तैयार किये। योग नृत्य नाटिका प्रो गणेश शंकर गिरी के मार्गदर्शन







में डॉ अरुण साव एवं डॉ नितिन कोरपाल के संयोजन में प्रज्ञा साव के तैयार कराई गई।कार्यक्रम में प्रो चंदा बेन , प्रो दिवाकर राजपूत, डॉ आशुतोष मिश्रा , एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र सराफ , डॉ. ऊषा राणा ,डॉ. गौतम प्रसाद ,डॉ. संजय शर्मा ,डॉ. वंदना विनायक,डॉ. पंकज तिवारी ,डॉ. रश्मि जैन , डॉ. सुप्रभा दास ,डॉ. आफरीन खान , डॉ. राजेंद्र यादव , डॉ. रानी दुबे सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी विद्यार्थी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।










# आज़ादी का अमृत महोत्सव

## Azadi ka Amrit mahotsav

## डॉ.हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर म.प्र.

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

## DR. HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA SAGAR M.P.

(A Central University)

## हर घर तिरंगा

आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वाधीनता सप्ताह (11 से 17 अगस्त 2022) का आयोजन

**संरक्षक- प्रो. नीलिमा गुप्ता, कुलपति,**

**सह संरक्षक – श्री संतोष सौहगोरा , कुलसचिव (प्र)** **समन्वयक /नोडल अधिकारी- डॉ. ललित मोहन**

| क | दिनांक | समय | स्थान | विधा | विधा प्रभारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 07अगस्त रविवार 2022 | प्रातः11 बजे से | गौर भवन से > सिविल लाइन > कलेक्ट्रेट गेट > गौर भवन। | जन जागरुकता रैली NCC/NSS वि.वि. छात्र–छात्राओं द्वारा | एन.सी.सी.अधिकारी<br>1. डॉ धर्मेन्द्र सराफ<br>**2.** डॉ.उषा राणा<br>3. डॉ गौतम प्रसाद |
| 2 | 08–09–10 अगस्त | दोपहर 03 से 05 बजे तक | गौर प्रांगण मंच | राष्ट्रीय ध्वज वितरण/प्रबंधन | एन.एस.एस. समन्वयक/अधिकारी<br>1. डॉ.संजय शर्मा 2.**डॉ.** सुनीत वालिया<br>3. डॉ.आशुतोष 4.डॉ.वंदना विनायक |
| 3 | 11 अगस्त गुरुवार | दोपहर 03 बजे से | ऑनलाइन लिंक ई.एम.आर.सी द्वारा | राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित फिल्म/जानकारी | 1. डॉ. पंकज तिवारी |
| 4 | 12 अगस्त शुक्रवार | दोपहर 03 बजे से | शिक्षा विभाग | रंगोली प्रतियोगिता विषय– स्वतंत्रता संग्राम सेनानी | 1. डॉ. चंद्रकांता जैन– शिक्षा विभाग<br>2. डॉ. सुप्रभा दास– फाइन आर्ट<br>3. डॉ. आफरीन खान– राजनीति विभाग |
| 5 | 13 अगस्त शनिवार | प्रातः11:30बजे से | गौर प्रांगण | डॉ. हरीसिंह गौर संस्थापक एवं पं रविशंकर शुक्ल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की समाधि पर पुष्पांजली **आजादी से अन्त्योदय तक** | यंत्री. 1.श्री राहुल गिरि गोस्वामी<br>2.श्री दीपक सिंघई |
| 6 | 13 अगस्त शनिवार | प्रातः11:40बजे से | गौर प्रांगण | पोस्टर प्रतियोगिता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी (पं रविशंकर शुक्ल) **आजादी से अन्त्योदय तक** | 1 डॉ. चंद्रकांता जैन शिक्षा विभाग<br>2 डॉ. सुप्रभा दास फाइन आर्ट<br>3. डॉ. आफरीन खान राजनीति विभाग |
| 7 | 13 अगस्त शनिवार | दोपहर 03 बजे से | संगीत विभाग | एकल गायन प्रतियोगिता विषय– ''देश भक्ति'' | 1. डॉ.अवधेश प्रताप सिंह तोमर<br>2. डॉ.राहुल स्वर्णकार संगीत विभाग |
| 8 | 13 से 17 अगस्त | सायं 5बजे | स्वर्ण जयंती सभागार | पोस्टर प्रदर्शनी<br>भारत विभाजन विभीषिका<br>स्मृति दिवस | 1. प्रो. नागेश दुबे<br>2. डॉ. संजय शर्मा |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 14 अगस्त रविवार | प्रातः11बजे से | गौर प्रांगण | भाषण प्रतियोगिता राष्ट्रीय ध्वज सहिंता का महत्व” | एन.सी.सी.अधिकारी 1 डॉ गौतम प्रसाद |
| 10 | 14 अगस्त रविवार | सायं 4:30 बजे | गौर प्रांगण | भारतीय सेना के जवानों द्वारा आत्म रक्षार्थ प्रदर्शन | एन.सी.सी.अधिकारी , 1 डॉ धर्मेन्द्र सराफ 2 डॉ.उषा राणा 3 डॉ गौतम प्रसाद |
| 11 | 14 अगस्त रविवार | सायं 5 बजे | गौर प्रांगण | भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस श्रद्धांजलि दो मिनिट मौन | विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी कर्मचारी, अतिथि शिक्षक शोध छात्र, विधार्थी, एन सी सी, एन एस एस एवं सेना के जवान, गणमान्य नागरिक द्वारा समन्वयक- डॉ ललित मोहन |
| 12 | 14 अगस्त रविवार | सायं 5:15 बजे | स्वर्ण जयंती सभागार | देश भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम | जिला प्रशायन. नगर निगम सागर एवं विश्वविद्यालय द्वारा |
| 13 | 15 अगस्त सोमवार | प्रातः09:30 बजे | गौर प्रांगण | स्वतंत्रता दिवस समारोह | विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी कर्मचारी, अतिथि शिक्षक शोध छात्र, विधार्थी, एन सी सी, एन एस एस एवं, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में |
| 14 | 16 अगस्त मंगलवार | दोपहर 03 बजे से | शिक्षा विभाग | निबंध लेखन प्रतियोगिता – विषय“ स्वाधीनता का अर्थ- आजादी के 75 वर्ष | 1 डॉ. राजेन्द्र यादव. हिन्दी विभाग |
| 15 | 17 अगस्त बुधवार | दोपहर 03 बजे से | स्वर्ण जयंती सभागार | देश भक्ति गीत/नृत्य/ पुरस्कार वितरण/समापन समारोह | 1 डॉ.अवधेश प्रताप सिंह तोमर 2 डॉ.राहुल स्वर्णकार , संगीत विभाग |

- स्थल प्रबंधन– श्री राहुल गिरि गोस्वामी 2. श्री दीपक सिंघई 3. श्रीमति निधि जैन,4. श्री एस. ए. कुरैशी यंत्री विभाग।
- अनुशासन – प्रॉक्टर प्रो. चंदा बैन एवं समस्त सदस्यगण
- सुरक्षा – 1. डॉ. हिमान्श्रु कुमार एवं समस्त सुरक्षाकर्मी
- प्रचार – प्रसार –1.डॉ.पंकज तिवारी, ई.एम. आर. सी 2. डॉ.विवेक जायसवाल, पत्रकारिता
- कार्यालयीन समन्वय – श्री प्रवीण राठौर. कुलपति कार्यालय. श्री प्रेमसागर गुजरे कुलसचिव कार्यालय.
  श्री अरूण रैकवार, संगीत विभाग डॉ. शैलेश चौबे,परफार्मिंग आर्टस
- सत्कार प्रबंधन - वि.वि यंत्री एवं श्री समर्थ दीक्षित
- **आभार** - **मान . कलेक्टर महोदय सागर , मान पुलिस अधीक्षक महोदय सागर , मान. आयुक्त महोदय नगर पालिक निगम सागर , मान. मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय जिला पंचायत सागर, मान. पत्रकार बन्धु एवं सागर नगर के गणमान्य नागरिकों के प्रति**

**आजादी का अमृत महोत्सव / हर घर तिरंगा कार्यालय – संगीत विभाग**

# मीडिया कवरेज

## कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में हर–घर तिरंगा अभियान की समीक्षा बैठक



**(दैनिक सागर सरोज)**

सागर. ।डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय द्वारा आजादी के अमृतमहोत्सव के क्रम में राष्ट्रीय अभियान हर–घर तिरंगा के संदर्भ में कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई. जिसमें भारत सरकार द्वारा इस हेतु जारी किये गए दिशा–निर्देशों की अनुपालना को सुनिश्चित करने हेतु विश्वविद्यालयी स्तर पर प्रारम्भ किये जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई. गौरतलब है कि राष्ट्रीय ध्वज के संदर्भ में भारतीय नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए प्रेरित करने और जनसामान्य में देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से भारत सरकार की ओर से 11 से 17 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाना है. इस संदर्भ में विद्यार्थियों/ शिक्षको/ अधिकारियों/कर्मचारियों/ जन–सामान्य आदि को विश्वविद्यालय के गौर प्रांगण मंच से राष्ट्रीय ध्वज का वितरण, विश्वविद्यालय परिसर में प्रमुख स्थानों पर ध्वजारोहण, आवासीय परिसर के प्रत्येक आवासों पर तिरंगा लगाना, पथरिया जाट एवं सिरोंजा गाँव में जन–जागरुकता तथा ध्वज वितरण का निर्णय लिया गया. बैठक में राष्ट्रीय सेवा योजना और राष्ट्रीय कैडेट कोर के अधिकारियों, यंत्री विभाग से निधि जैन, हर–घर तिंरगा अभियान के समन्वयक डॉ. ललित मोहन आदि उपस्थित थे.

रासेयो ने हर–घर तिरंगा अभियान के तहत गांव में जनजागरूकता अभियान चलाया

## घरों में राष्ट्रीय ध्वज लगाने किया प्रेरित




राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सदस्यों ने गांवों में जाकर लोगों को तिरंगा लगाने प्रेरित किया। ● नवदुनिया

**सागर(नवदुनिया प्रतिनिधि)।** डाक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय द्वारा आजादी के अमृतमहोत्सव के क्रम में राष्ट्रीय अभियान हर-घर तिरंगा के संदर्भ में कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिए गए गांव पथरिया जाट एवं सिरोंजा में स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज के संदर्भ में ग्रामीणों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए प्रेरित करने और जनसामान्य में देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से भारत सरकार की ओर से 11 से 17 अगस्त तक चलाए जाने वाले हर घर तिरंगा अभियान के विषय में जानकारी दी गई।

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय के द्वारा पथरिया जाट एवं सिरोंजा गाँव में जन-जागरुकता तथा ध्वज वितरण का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम के प्रमुख केन्द्रों जैसे पाठशाला, पंचायत भवन, प्रमुख मार्गों, इमारतों, भवनों आदि की दीवारों पर हर घर तिरंगा अभियान से संबंधित नारा लेखन कार्य किया गया। ग्राम में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डा. संजय शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डा. वंदना विनायक, डा. सुनीत वालिया, डा. आशुतोष एवं विश्वविद्यालय के मीडिया अधिकारी डा. विवेक जायसवाल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# एनएसएस ने हर-घर तिरंगा अभियान के तहत चलाया जनजागरूकता अभियान





सागर, देशबन्धु। डॉ.हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय अभियान हर-घर तिरंगा के संदर्भ में कुलपति प्रो.नीलिमा गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिए गये गांव पथरिया जाट एवं सिरोंजा में स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज के संदर्भ में ग्रामीणों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए प्रेरित किया और 11 से 17 अगस्त तक चलाये जाने वाले शहर घर तिरंगा अभियान के विषय में जानकारी दी, स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम के प्रमुख केन्द्रों जैसे पाठशाला, पंचायत भवन, प्रमुख मार्गों, इमारतों, भवनों आदि की दीवारों पर हर घर तिरंगा अभियान से सम्बन्धित नारा लेखन कार्य किया, इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ.संजय शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.वंदना विनायक, डॉ. सुनीत वालिया, डॉ.आशुतोष तथा मीडिया अधिकारी डॉ.विवेक जायसवाल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

---

कर रहे लोगों को जागरूक

# एनएसएस ने किया हर-घर तिरंगा अभियान शुरू




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सागर. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय अभियान हर-घर तिरंगा के संदर्भ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिए गए गांव पथरिया जाट और सिरोंजा में स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज के संदर्भ में ग्रामीणों को अपने घरों पर ध्वज लगाने के लिए प्रेरित किया। 11 से 17 अगस्त तक चलाए जाने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान के विषय में जानकारी दी गई।

बता दें कि विश्वविद्यालय के द्वारा पथरिया जाट एवं सिरोंजा गांव में जन-जागरुकता तथा ध्वज वितरण का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम के प्रमुख केन्द्रों जैसे पाठशाला, पंचायत भवन, प्रमुख मार्गों, इमारतों, भवनों आदि की दीवारों पर हर घर तिरंगा अभियान से सम्बन्धित नारा लेखन कार्य किया गया।

ग्राम में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. संजय शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वंदना विनायक, डॉ. सुनीत वालिया, डॉ. आशुतोष तथा विश्वविद्यालय के मीडिया अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# सागर के देहात थाना क्षेत्रो में निकाली गई तिरंगा यात्रा

# डॉ. गौर विवि में अमृत महोत्सव पर विशाल तिरंगा रैली

**(दैनिक सागर सरोज)**



सागर। भारत में मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में देहात थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारियों पुलिस स्टाफ, नगर रक्षा समिति, आम नागरिकों द्वारा मिलकर तिरंगा यात्रा निकाली गई। रैली शाम 4:00 बजे शुरू होकर 6:00 बजे समाप्त हुई आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रम सागर पुलिस द्वारा लगातार आगे भी इसी प्रकार जारी रहेंगे पुलिस अधीक्षक तरुण नायक द्वारा जिले के सभी देहात थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। कि आजादी के अमश्त महोत्सव मनाने एंव जागरूकता लाने हेतु तिरंगा यात्रा अपने अपने क्षेत्र में निकाले।

डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय में अमृत महोत्सव पर विशाल तिरंगा रैली आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर नीलिमा गुप्ता के नेतश्त्व में एनसीसी, एनएसएस, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, और छात्र–छात्राओं द्वारा विशाल तिरंगा रैली निकाली गई।

## सागर पुलिस द्वारा देहात थाना क्षेत्रो में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**सागर, देशबन्धु।** भारत में मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में देहात थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारियों पुलिस स्टाफ नगर रक्षा समिति, आम नागरिकों द्वारा मिलकर तिरंगा यात्रा निकाली गई। रैली शाम 4 बजे शुरू होकर 6 बजे समाप्त हुई आजादी के अमृत महोत्सब के कार्यक्रम सागर पुलिस द्वारा लगातार आगे भी इसी प्रकार जारी रहेंग। पुलिस अधीक्षक तरुण नायक द्वारा जिले के सभी देहात थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था कि आजादी के अमृत महोत्सव मनाने एंव,जागरूकता लाने हेतु तिरंगा यात्रा अपने–अपने क्षेत्र में निकाले।



## हर घर तिरंगा अभियान में विवि की कुलपति ने रैली निकाली

**स्वदेश ज्योति संवाददाता, सागर**

हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारियों व एनसीसी और एनएसएस के छात्रों ने भव्य रैली निकाली। रैली का नेतृत्व कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने किया, वे हाथ में तिरंगा झंडा लिए सबसे आगे चल रहीं थी। राष्ट्रगान के साथ रैली शुरू हुई। तिरंगा रैली गौर भवन से सिविल लाइन, कलेक्ट्रेट गेट तक निकाली गई। इस अवसर पर जगह–जगह तिरंगा रैली का आम लोगों से लेकर बच्चों ने पुष्प वर्षा व जय तिरंगा के जय घोष के नारे लगाकर स्वागत किया।

# 'विश्वविद्यालय कुलपति ने तिरंगा ध्वज क्रय कर फहराने का किया आवाह्न'



(दैनिक सागर सरोज)

सागर। डॉ हरीसिंह गौर विवि सागर की कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता ने विवि के गौर प्रांगण में तिरंगा ध्वज विक्रय केंद्र से तिरंगा खरीदा। उन्होंने कहा कि सभी को तिरंगा ध्वज क्रय कर अपने–अपने घरों पर फहराएं। उन्होंने कहा कि देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आइए हम देश की उन्नति के लिए, देश की आजादी की गाथा को स्मरण करने के लिए तिरंगा ध्वज फहराकर इस महाउत्सव में शामिल हों। हर घर तिरंगा अभियान के तहत विवि में एनएसएस के सहयोग से आगामी 3 दिनों तक तिरंगा ध्वज विक्रय किया जा रहा है। विवि के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने काफी संख्या में ध्वज खरीदे। एनएसएस समन्वयक ने बताया कि आगामी 3 दिनों में अपराह्न 3 से 5 बजे तक ध्वज क्रय किया जा सकता है। इस अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ ललित मोहन, एनएसएस के समन्वयक डॉ संजय शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनीत वालिया, डॉ वंदना विनायक, डॉ अलीम अहमद खान, डॉ आशुतोष, डॉ राकेश सोनी सहित काफी संख्या में शिक्षक, छात्र और कर्मचारी उपस्थित रहे।



सागर, आचरण। डॉ हरीसिंह गौर विवि सागर की कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता ने विवि के गौर प्रांगण में तिरंगा ध्वज विक्रय केंद्र से तिरंगा खरीदा। उन्होंने कहा कि सभी को तिरंगा ध्वज क्रय कर अपने-अपने घरों पर फहराएं। उन्होंने कहा कि देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आइए हम देश की उन्नति के लिए, देश की आज़ादी की गाथा को स्मरण करने के लिए तिरंगा ध्वज फहराकर इस महाउत्सव में शामिल हों। हर घर तिरंगा अभियान के तहत विवि में एनएसएस के सहयोग से आगामी 3 दिनों तक तिरंगा ध्वज विक्रय किया जा रहा है। विवि के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने काफी संख्या में ध्वज खरीदे। एनएसएस समन्वयक ने बताया कि आगामी 3 दिनों में अपराह्न 3 से 5 बजे तक ध्वज क्रय किया जा सकता है। इस अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ ललित मोहन, एनएसएस के समन्वयक डॉ संजय शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनीत वालिया, डॉ वंदना विनायक, डॉ अलीम अहमद खान, डॉ आशुतोष, डॉ राकेश सोनी सहित काफी संख्या में शिक्षक, छात्र और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विवि में 5 स्थान पर बने सेल्फी पॉइंट, हर घर तिरंगा लघु फिल्म हुई रिलीज



सागर | डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के ईएमआरसी के सहयोग से आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में लघु फिल्म हर घर तिरंगा रिलीज की गई। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बटन दबाकर फिल्म सार्वजनिक प्रसारण के लिए रिलीज की। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, कुलसचिव संतोष सोहगौरा, प्रो. एपी त्रिपाठी, ईएमआरसी के निदेशक डॉ. पंकज तिवारी, डॉ. अमर कुमार जैन, विवि यंत्री राहुल गोस्वामी मौजूद रहे। समन्वयक डॉ. ललित मोहन ने बताया यह फिल्म विश्वविद्यालय, ईएमआरसी सागर, विवि के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिए गए यूट्यूब चैनल पर लिंक के माध्यम से देखी जा सकती है। वहीं विश्वविद्यालय परिसर में हर घर तिरंगा के पांच सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं। जहां पर विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी एवं आम नागरिक तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी ले सकते हैं।



# विश्वविद्यालयः हर घर तिरंगा लघु फिल्म रिलीज



**जागरण न्यूज, सागर**

डॉ. हरीसिंह गौर विवि सागर के ईएमएमआरसी के सहयोग से आजादी का अमृत महोत्सव के तहत लघु फिल्म हर घर तिरंगा गुरुवार को रिलीज की गई। समन्वयक डॉ. ललित मोहन ने फिल्म में बारे में जानकारी दी। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बटन दबाकर फिल्म सार्वजनिक प्रसारण के लिए रिलीज किया। इस अवसर पर सागर नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, विवि के कुल सचिव संतोष सोहगौरा, प्रो. एपी त्रिपाठी, ईएमएमआरसी के निदेशक डॉ. पंकज तिवारी, डॉ. अमर जैन, विवि यंत्री राहुल गोस्वामी उपस्थित रहे। डॉ. ललित मोहन ने बताया कि यह फिल्म विश्वविद्यालय ईएमआरसी सागर विवि के सोशल मीडिया पर दिए गए यूट्यूब चैनल पर लिंक के माध्यम से देखी जा सकती है।

# हर घर तिरंगा लघु फिल्म हुई रिलीज



सागर. डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के ईएमएमआरसी के सहयोग से आजादी का अमृत महोत्सव के तहत लघु फिल्म 'हर घर तिरंगा' रिलीज की गई। समन्वयक डॉ. ललित मोहन ने फिल्म में बारे में जानकारी दी। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बटन दबाकर फिल्म सार्वजनिक प्रसारण के लिए रिलीज किया। इस अवसर पर सागर नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, प्रभारी कुलसचिव संतोष सोहगौरा, प्रो. एपी त्रिपाठी, ईएमएमआरसी के निदेशक डॉ. पंकज तिवारी, डॉ. अमर जैन, यंत्री राहुल गोस्वामी उपस्थित रहे। डॉ ललित मोहन ने बताया कि यह फिल्म विश्वविद्यालय ईएमआरसी के सोशल मीडिया पर दिए गए यूट्यूब चैनल पर लिंक के माध्यम से देखी जा सकती है। विश्वविद्यालय में 'हर घर तिरंगा' के पांच सेल्फी पॉइंट बनाए गए, जहां पर विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी एवं आम नागरिक तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी ले सकते हैं।

# अमृत महोत्सव के तहत हुई रंगोली प्रतियोगिता



**सागर.** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के परिपालन में स्वधीनता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगता का आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विषय पर किया गया। कई विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित थीम पर रंगोली बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन विधा प्रभारी डॉ. चंद्रकांता जैन ने किया।

# शहर घर तिरंगा के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई

**सागर, देशबन्धु।** डॉ.हरीसिंह गौर विवि के शिक्षाशास्त्र विभाग में शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगता का आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विषय पर किया गया। कई विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित थीम पर रंगोली बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन विधा प्रभारी डॉ.चंद्रकांता जैन, विभागाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र विभाग डॉ.सुप्रभा दास, ललित कला एवं प्रदर्शनकला विभाग एवं डॉ.आफरीन खान, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के छात्र छात्राओं ने भागीदारी की। कार्यक्रम में डॉ.धर्मेन्द सर्राफ, डॉ.बुद्ध सिंह उपस्थित रहे। आज स्वन्त्रता संग्राम सेनानी पं.रविशंकर शुक्ल विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कल दोपहर 3 बजे संगीत विभाग में एकल गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। आजादी से अंत्योदय तक कार्यक्रम में गौर समाधि प्रांगण में डॉ.गौर एवं स्व.श्री शुक्ल की समाधि पर पुष्पांजलि कायक्रम भी आयोजित किया गया है।

## स्पर्धा । विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में हुए आयोजन

# हर घर तिरंगा के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई








**सागर, आचरण संवाददता।** शिक्षा मंत्रालय , भारत सरकार नई दिल्ली तथा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के परिपालन में स्वधीनता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत डॉक्टर हरीसिंह गौर विवि, सागर के शिक्षाशास्त्र विभाग में 12/08/2022 दिन शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विषय पर किया गया । कई विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित थीम पर रंगोली बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन विधा प्रभारी डॉ चंद्रकांता जैन, विभागाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र विभाग, डॉ . सुप्रभा दास , ललित कला एवं प्रदर्शनकला विभाग एवं डॉ . आफरीन खान, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के छात्र छात्राओं ने भागीदारी की । कार्यक्रम में डॉ . धर्मेन्द्र सर्राफ , डॉ . बुद्ध सिंह , डॉ . अभिषेक प्रजापति , डॉ . शकीला खान , डॉ अनूपी समैया , डॉ रमाकान्त श्रीमती कंचन चौरसिया, डॉ . शैलेश चौबे उपस्थित रहे। 13 अगस्त को स्वन्त्रता संग्राम सेनानी पंडित रविशंकर शुक्ल विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कल दोपहर 3 बजे संगीत विभाग में एकल गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। आजादी से अंत्योदय तक कार्यक्रम में गौर समाधि प्रांगण में डॉ गौर एवं स्व श्री शुक्ल की समाधि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है।

### हर घर तिरंगा अभियान का का शुभारंभ आज

**सागर, आचरण।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के तहत 13 तारीख से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने शुभारंभ आज अटल पार्क में प्रातः 8:00 बजे होगा। हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ 13 अगस्त को संभागायुक्त मुकेश शुक्ला एवं पुलिस महानिरीक्षक अनुराग, द्वारा अटल पार्क में ध्वज फहराया किया जाएगा। अटल पार्क के तत्काल पश्चात समस्त अतिथियों द्वारा तीन बत्ती गौरमूर्ति पर भी ध्वजारोहण किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, कलेक्टर दीपक आर्य, ननि कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक तरुण नायक सहित समस्त ज़िलाधिकारी राजस्व ननि, पुलिस, शिक्षा विभाग अधिकारी कर्मचारी, शिक्षक छात्र-छात्राएं गणमान्य नागरिक एवं नगरवासी मौजूद रहेंगे।

# आजादी से अन्त्योदय तक कार्यक्रम का शुभारम्भ

## डॉ. गौर एवं पं. रविशंकर शुक्ल की समाधि पर कुलपति ने दी पुष्पांजलि

सागर। शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार, नई दिल्ली तथा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के परिपालन में स्वाधीनता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म0प्र0) के गौर प्रांगण में 13 अगस्त को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे के बीच आज़ादी से अन्त्योदय तक अभियान और पोस्टर प्रतियोगता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत आज़ादी से अन्त्योदय तक अभियान के अंतर्गत डॉ. हरीसिंह गौर एवं पंडित रविशंकर शुक्ल की समाधि पर पुष्पांजलि के साथ हुई जिसमें माननीय कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता जी, 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ललित मोहन और विश्वविद्यालय के प्रमुख शिक्षकगण, अधिकारीगण, शोधार्थी तथा विद्यार्थीगण मौजूद थे। गौर समाधि प्रांगण में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन इसी कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिसमें उन्होंने थीम के अनुरूप पोस्टर बनाकर अपनी कला का सुंदर नमूना प्रस्तुत किया। पोस्टर प्रतियोगता का विषय 'स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित रविशंकर शुक्ल' था। पंडित रविशंकर शुक्ल एक वरिष्ठ कांग्रेसी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सेंटर प्रोविन्स और



बेरार के प्रथम मुख्यमंत्री और 1 नवम्बर 1956 को अस्तित्व में आये नये राज्य मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे । उनका जन्म स्थल सागर जिला था। प्रतियोगिता कार्यक्रम का संचालन विधा प्रभारी डॉ. चंद्रकांता जैन, विभागाध्यक्ष, शिक्षा शास्त्र विभाग, डॉ. सुप्रभा दास, ललित कला एवं प्रदर्शन कला विभाग एवं डॉ. आफरीन खान, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग के द्वारा किया गया

## डॉ.गौर एवं पं.रविशंकर शुल की समाधि पर कुलपति ने दी पुष्पांजलि



**सागर, देशबन्धु।** गौर प्रांगण में शनिवार को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे के बीच आज़ादी से अन्त्योदय तक अभियान और पोस्टर प्रतियोगता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ.हरीसिंह गौर एवं पं.रविशंकर शुक्ल की समाधि पर पुष्पांजलि के साथ हुई जिसमें कुलपति प्रो.नीलिमा गुप्ता, शहर घर तिरंगा, कार्यक्रम के संयोजक डॉ.ललित मोहन और विवि के शिक्षकगण, अधिकारीगण, शोधार्थी तथा विद्यार्थीगण मौजूद थे। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिसमें उन्होंने थीम के अनुरूप पोस्टर बनाकर अपनी कला का सुंदर नमूना प्रस्तुत किया। पोस्टर प्रतियोगता का विषय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं.रविशंकर शुक्ल था।

विश्वविद्यालय • स्वर्ण जयंती सभागार में विभाजन विभीषिका चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

# ऐतिहासिक घटनाओं की निष्पक्ष व्याख्या के लिए साक्ष्य आधारित कार्यक्रम महत्वपूर्ण होते हैं : कुलपति

भास्कर संवाददाता | सागर



सागर। स्वर्ण जयंती सभागार में विभाजन विभीषिका चित्र प्रदर्शनी लगी।

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विभाजन विभीषिका चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि देश के विभाजन की विभीषिका को इतिहास से विस्मृत नहीं किया जा सकता। ऐतिहासिक घटनाओं की निष्पक्ष व्याख्या के लिए इस तरह के साक्ष्य आधारित कार्यक्रम महत्वपूर्ण होते हैं। इस तरह की प्रदर्शनी से जनसमुदाय में इतिहास की वैज्ञानिक समझ विकसित होती है। प्रदर्शनी के समन्वयक प्रो. नागेश दुबे एवं डॉ. संजय शर्मा ने बताया प्रदर्शनी 17 अगस्त तक सभी नागरिकों के लिए खुली रहेगी। जहां वे भारत विभाजन की विभीषिका के दृश्यों का अवलोकन कर सकते हैं। इस मौके पर प्रो. डीके गुप्ता, प्रो. एडी शर्मा, प्रो. जीएल पुणतांबेकर, डॉ. राकेश सोनी, कुलसचिव संतोष सौहगोरा आदि मौजूद थे। वहीं, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार तथा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के परिपालन में स्वाधीनता सप्ताह कार्यक्रम के तहत डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के गौर परिसर में आजादी से अन्त्योदय तक अभियान और पोस्टर प्रतियोगिता हुई। डॉ. हरीसिंह गौर एवं पंडित रविशंकर शुक्ल की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता, हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ललित मोहन आदि मौजूद थे।

पोस्टर प्रतियोगता में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। पोस्टर प्रतियोगता का विषय- स्वतंत्रता संग्राम सेनानीः पंडित रविशंकर शुक्ल था। पंडित रविशंकर शुक्ल एक वरिष्ठ कांग्रेसी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सेंटर प्रोविन्स व बरार और 1 नवंबर 1956 को अस्तित्व में आए नए राज्य मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे। उनका जन्म स्थान सागर जिला था। संचालन विभा प्रभारी डॉ. चंद्रकांता जैन, डॉ. सुप्रभा दास, डॉ. आफरीन खान ने किया।

## विभाजन विभीषिका चित्र प्रदर्शनी का कुलपति ने किया उद्घाटन



**सागर, देशबन्धु।** डॉ.हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में विभाजन विभीषिका चित्र प्रदर्शनी लगाई गई, उदघाटन करते हुए कुलपति प्रो.नीलिमा गुप्ता ने कहा देश के विभाजन की विभीषिका को इतिहास से विस्मृत नहीं किया जा सकता है, ऐतिहासिक घटनाओ की निष्पक्ष व्याख्या के लिए इस तरह के साक्ष्य आधारित कार्यक्रम महत्त्वपूर्ण होते हैं, इस तरह की प्रदर्शनी से जनसमुदाय में इतिहास की वैज्ञानिक समझ विकसित होती है, इस अवसर पर प्रो.डी के गुप्ता, प्रो.ए.डी.शर्मा, डॉ.राकेश सोनी, प्रो.पुणताम्बेकर, कुलसचिव संतोष सौहगोरा उपस्थित रहे।

## विभाजन विभीषिका चित्र प्रदर्शनी का किया उद्‌घाटन



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सागर.** डॉ.हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में विभाजन विभीषिका चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। इसका उदघाटन करते हुए कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि देश के विभाजन की विभीषिका को इतिहास से विस्मृत नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक घटनाओं की निष्पक्ष व्याख्या के लिए इस तरह के साक्ष्य आधारित कार्यक्रम महत्वपूर्ण होते हैं। इस तरह की प्रदर्शनी से जन-समुदाय में इतिहास की वैज्ञानिक समझ विकसित होती है। इस अवसर पर प्रो. डीके गुप्ता, प्रो. एडी शर्मा, डॉ. राकेश सोनी, प्रो पुणताम्बेकर, कुलसचिव संतोष सौहगोरा उपस्थित रहे। प्रदर्शनी के समन्वयक प्रो. नागेश दुबे और डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी 14 से 17 अगस्त तक सभी नागरिकों के लिए खुली रहेगी, जहाँ वे भारत विभाजन की विभीषिका के दृश्यों का अवलोकन कर सकते है।

कार्यक्रम । वात्सल्य स्कूल के बच्चों ने बैंड और ऑर्केस्ट्रा के साथ देश भक्ति गीतों से किया भावविभोर

# सांस्कृतिक संध्या में हुई आकर्षक नृत्यों की प्रस्तुति







पहले दिन बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने अवलोकन किया।

सागर, आचरण संवाददाता।

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन नगर निगम एवं डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा की संयुक्त तत्वाधान में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद राजबहादुर सिंह, कुलपति डॉ नीलिमा गुप्ता, विधायक शैलेंद्र जैन, महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, कलेक्टर दीपक आर्य, नगर निगम कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला, स्मार्ट सिटी के सीईओ राहुल सिंह राजपूत, सहित समस्त वार्ड पार्षद अधिकारी कर्मचारी छात्र-छात्राएं मौजूद थे। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर घर-घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के द्वारा जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा आयोजित भजन सांस्कृतिक संध्या पर स्कूली छात्र-छात्राओं विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं एवं विभिन्न सांस्कृतिक दलों द्वारा देशभक्ति से भरपूर आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं जिनको जन समुदाय द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम की पूर्व में सरस्वती की प्रतिमा एवं डॉ. हरिसिंह गौर एवं पंडित रविशंकर शुक्ला, की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप पूजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अरविंद जैन ने किया। अतिथियों द्वारा द्वारा डॉ. गौर एवं पंडित शुक्ल की समाधि पर पहुंच कर दी।

पुष्पांजलि सांसद राजबहादुर सिंह, कुलपति डॉ नीलिमा गुप्ता, नगर निगम की महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, विधायक शैलेंद्र जैन, जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, कलेक्टर दीपक आर्य, नगर निगम कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला, स्मार्ट सिटी सीईओ राहुल सिंह, विश्वविद्यालय के कुलसचिव संतोष सहगोरा, सहित अन्य गणमान्य नागरिकों एवं अधिकारियों ने विश्वविद्यालय पहुंचकर गौर प्रांगण में बनी डॉ हरिसिंह गौर एवं पंडित रविशंकर शुक्ल की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रदर्शनी का अवलोकन सागर के सांसद राजबहादुर सिंह, सागर शहर के विधायक शैलेन्द्र जैन, सागर की नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, सागर संभाग के कमिश्नर चन्द्र शेखर शुक्ल, जिला कलेक्टर दीपक आर्य सहित कई राजनैतिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया. अवलोकन के दौरान सांसद राजबहादुर जी ने चर्चा में बताया कि अब हमें आजादी के अमृतमहोत्सव काल में अखंड भारत के महत्व को समझना होगा।

इस प्रदर्शनी के समन्वयक प्रो. नागेश दुबे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए इस तरह के आयोजन उन्हें इतिहास को करीब से समझने में सहायता करते है. डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विद्यार्थियों के द्वारा इन सभी अतिथियों का स्वागत किया गया. इस छायाचित्र प्रदर्शनी के

## हर घर तिरंगा के तहत भाषण प्रतियोगिता आयोजित

डॉ हरीसिंह गौर विवि के स्वाधीनता सप्ताह के आयोजन में राष्ट्रीय झण्डा संहिता का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विवि के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और विषय के विभिन्न पक्षों पर भा[illegible] की प्रस्तुति दी। यह आयोजन विवि की एनसीसी [illegible] संयोजन में किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ [illegible] प्रसाद एवं डॉ धर्मेंद्र सर्राफ रहे।

## नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे

सागर, आचरण। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह सागर में ध्वजारोहण करेंगे। मंत्री श्री सिंह सागर के पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज ग्राउंड पर प्रातः 9.00 बजे ध्वजारोहण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 9.00 बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, सलामी, परेड निरीक्षण, प्रातः 9.15 बजे - मुख्य अतिथि द्वारा संदेश वाचन, प्रातः 9.35 बजे - हर्ष फायर, मार्च पास्ट, प्रातः 9.50 बजे - सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, प्रातः 10.20 बजे - मुख्य अतिथि द्वारा पारितोषिक फायर, मार्च पास्ट, प्रातः 9.50 बजे - सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, प्रातः 10.20 बजे- मुख्य अतिथि द्वारा पारितोषिक/प्रशस्ति पत्र का वितरण, प्रातः 10.40 बजे - आभार प्रदर्शन होगा।

### भगवान लव-कुश जी की जयंती पर सेवादल परिवार ने किया भव्य स्वागत

सागर, आचरण। भगवान लव-कुश जी की जयंती पर कुशवाहा समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुये शहर के हृदय स्थल तीनबत्ती पहुंची, जहां कांग्रेस सेवादल परिवार ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की गयी, शोभायात्रा में शामिल समाज के वरिष्ठ जनों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। [illegible] [illegible] अध्यक्ष सिंटू कटारे, प्रदीप [illegible] [illegible] उपस्थित थे।



सागर, आचरण। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विवि पुस्तकालय भवन पर तिरंगे की तर्ज पर आकर्षक विद्युत सजावट की गई है।

# देशभक्ति के तरानों से गूंज उठा विश्वविद्यालय का स्वर्ण जयंती सभागार

## आजादी का अमृत महोत्सव पर कार्यक्रम

भास्कर संवाददाता | सागर



आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन, नगर निगम एवं डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम विवि के स्वर्ण जयंती सभागार में संपन्न हुआ। सांस्कृतिक भजन संध्या में स्कूली छात्र-छात्राओं सहित विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं एवं विभिन्न सांस्कृतिक दलों द्वारा देशभक्ति से भरपूर आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत में मां सरस्वती की प्रतिमा एवं डॉ. हरिसिंह गौर एवं पंडित रविशंकर शुक्ला की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप पूजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अरविंद जैन ने किया।

अतिथियों ने डॉ. गौर एवं पंडित रविशंकर शुक्ल की समाधि पर पहुंच कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान सांसद राजबहादुर सिंह, कुलपति डॉ. नीलिमा गुप्ता, नगर निगम महापौर संगीता सुशील तिवारी, विधायक शैलेंद्र जैन, जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, कलेक्टर दीपक आर्य, नगर निगम कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला, स्मार्ट सिटी सीईओ राहुल सिंह, कुलसचिव संतोष सहगोरा सहित अन्य नागरिक व अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वर्ण जयंती सभागार में सांस्कृतिक संध्या

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**सागर.** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।




सांस्कृतिक संध्या में छात्र-छात्राओं और विभिन्न सांस्कृतिक दलों द्वारा देशभक्ति से भरपूर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं गईं। इस मौके पर सांसद राजबहादुर सिंह, कुलपति डॉ. नीलिमा गुप्ता, विधायक शैलेंद्र जैन, महापौर संगीता तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, कलेक्टर दीपक आर्य, निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, स्मार्ट सिटी सीइओ राहुल सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया समेत अन्य शामिल रहे।



सागर, आचरण डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के गौर प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया. कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने ध्वजारोहण किया और सभी को भारतवर्ष के राष्ट्रीय पावन पर्व स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं। विवि के एनसीसी कैडेट्स ने सलामी दी एवं विवि के एन एस एस इकाई के विद्यार्थियों ने तिरंगे के रंगों का कैप लगाकर तिरंगा ध्वज बनाया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव संतोष सोहगौरा, प्रो. आर. के. त्रिवेदी, प्रो. नवीन कानगो, प्रो. आशीष वर्मा, प्रो. दिवाकर राजपूत, प्रो. ए पी मिश्रा, प्रो. चंदा बना, प्रो. जे डी आही, प्रो नागेश दुबे, प्रो. रत्नेश दास, प्रो. उमेश पाटिल, उपकुलसचिव सतीश कुमार सहित कई शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# देश-भक्ति और देश-सेवा को बनाएं जीवन का अथक छंद: कुलपति



**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के गौर प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने ध्वजारोहण किया और सभी को भारतवर्ष के राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हम सभी इस महान लोकतांत्रिक देश भारत के नागरिक हैं, जिसकी आजादी के लिए हजारों-लाखों अमर शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। इसलिए आज अपनी स्वतंत्रता पर गर्व करने के साथ-साथ भारत माता के अमर सपूतों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी दिन है। आज का दिन संकल्प का दिन है, स्वाभिमान का दिन है, गर्व का दिन है साथ ही यह त्याग और बलिदान का भी दिन है।

उन्होंने कहा कि डॉ. हरीसिंह गौर द्वारा विश्वविद्यालय के रूप में लगाया गया नन्हा पौधा आज निरन्तर पल्लवित और पुष्पित हो रहा है। हमारा कर्तव्य है कि इस संस्थान को डॉ. हरीसिंह गौर के स्वप्न के अनुरूप विकसित करते रहें।

विवि के एनसीसी कैडेट्स ने सलामी दी और एनएसएस इकाई के विद्यार्थियों ने तिरंगे के रंगों का कैप लगाकर तिरंगा ध्वज बनाया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव संतोष सोहगौरा, प्रो. आरके त्रिवेदी, प्रो. नवीन कांगो, प्रो. दिवाकर राजपूत, प्रो. ए पी मिश्रा, प्रो. चंदा बना, प्रो. जे डी आही, प्रो नागेश दुबे, प्रो. रत्नेश दास, प्रो. उमेश पाटिल, उपकुलसचिव सतीश कुमार सहित कई शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आजादी का अमृत महोत्सव का समापन नहीं आरम्भ है: कुलपति



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**सागर.** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वाधीनता सप्ताह का समापन संगीत विभाग के द्वारा देश भक्ति के गीतों के समूह गान एवं वर्ष भर के विभिन्न आयोजनों के विजेताओं को पुरस्कार वितरण से स्वर्ण जयंती सभागार में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने पूरे कार्यक्रम की सफलता का श्रेय इसमें साल भर से लगे विद्यार्थियों को दिया।

संगीत, योग, ललित कला एवं अन्य विभागों के प्रतिभागियों का प्रोत्साहन करते हुए प्रो. गुप्ता ने इस स्वाधीनता पर्व को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा समूह गीत प्रस्तुत किया गया। भारत हमारा एक है एमए गायन एवं तबले के विद्यार्थियों की कव्वाली की प्रस्तुति ने समा बांध दिया। तत्पश्चात योग के विद्यार्थियों ने वन्दे मातरम सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। संचालन और समन्वय डॉ. अवधेश प्रताप सिंह तोमर ने किया।

प्रतिभागियों का हुआ सम्मान, कुलपति बोलीं- यह आजादी के महोत्सव का समापन नहीं, आरंभ है

# देशभक्ति आधारित गीत, कव्वाली व नाटिका की हुई प्रस्तुति

भास्कर संवाददाता | सागर





सागर| विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। प्रतियोगिता में अव्वल आए छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वाधीनता सप्ताह का समापन विश्वविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा देश भक्ति के गीतों के समूह गान एवं वर्ष भर के विभिन्न आयोजनों के विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ स्वर्ण जयंती सभागार में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने आयोजन की सफलता का श्रेय इसमें साल भर से लगे विद्यार्थियों को दिया। संगीत, योग, ललित कला एवं अन्य विभागों के प्रतिभागियों का प्रोत्साहन करते हुए प्रो गुप्ता ने इस स्वाधीनता पर्व को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा यह आजादी के महोत्सव का समापन नहीं, आरंभ है। संगीत विभाग के स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा समूह गीत प्रस्तुत किया गया। स्नातक द्वितीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर गायन के विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित समूह गीतों की प्रस्तुति दी। एमए गायन एवं तबले के विद्यार्थियों की कव्वाली की प्रस्तुवि ने समां बांध दिया।

इसके बाद योग के विद्यार्थियों ने वंदे मातरम सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वाधीनता सप्ताह के नोडल अधिकारी डॉ. ललित मोहन ने सालभर के कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आभार डॉ. राहुल स्वर्णकार ने माना। संचालन एवं समन्वय डॉ. अवधेश प्रताप सिंह तोमर ने किया। उन्होंने कुलपति के आह्वान पर इस कार्यक्रम के बाद भी देश प्रेम से जुड़े आयोजन जारी रखने की प्रतिज्ञा ली। स्वाधीनता सप्ताह के तहत विश्वविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध, गीत, भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। इन प्रतियोगिताओ में विजेता प्रतिभागियों को कुलपति द्वारा सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण में डॉ. शैलेश चौबे, शैलेंद्र राजपूत, अरुण रैकवार, सुरेंद्र ने सहयोग किया।

कार्यक्रम में संगीत की प्रस्तुतियां डॉ. ललित मोहन के मार्गदर्शन और डॉ. अवधेश तोमर के निर्देशन में डॉ. स्मृति त्रिपाठी, यशगोपाल श्रीवास्तव, आकाश जैन के समन्वय एवं सहयोग से तैयार की गईं। योग नृत्य नाटिका प्रो. गणेश शंकर गिरी के मार्गदर्शन, डॉ. अरुण साव एवं डॉ. नितिन कोरपाल के संयोजन में प्रज्ञा साव द्वारा तैयार कराई गई। कार्यक्रम में प्रो चंदा बेन, प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत, डॉ. आशुतोष मिश्रा, डॉ. धर्मेंद्र सराफ, डॉ. ऊषा राणा, डॉ. गौतम प्रसाद, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. वंदना विनायक, डॉ. पंकज तिवारी, डॉ. रश्मि जैन, डॉ. सुप्रभा दास, डॉ. आफरीन खान, डॉ. राजेंद्र यादव, डॉ. रानी दुबे आदि मौजूद थीं।

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 04 की कक्षा 9 की छात्रा सान्वी सेन ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। कुलपति ने मेडल और प्रमाण पत्र दिया।




संकलन, चयन एवं संपादन

**कार्यालय, मीडिया अधिकारी**

**डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)**


Email- mediaofficer@dhsgsu.edu.in Website- www.dhsgsu.edu.in